# पाठ–9
# विशेषण

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. आयु शब्द का विशेषण होगा–
   (i) आयुष्मान ☐ (ii) आयुष्हासी ☐ (iii) आयुविक ☐
2. जब विशेषण की किसी से तुलना नहीं होती है तब–
   (i) मूलावस्था ☐ (ii) उत्तमावस्था ☐ (iii) उत्तरावस्था ☐
3. कठोर की उत्तमावस्था है–
   (i) कठोरतर ☐ (ii) कठोरनीय ☐ (iii) कठोरतम ☐
4. विशेषण की तुलना की अवस्थाएँ हैं–
   (i) चार ☐ (ii) तीन ☐ (iii) दो ☐

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. 'आत्मा' का विशेषण ____________ है।
2. 'ईश्वर' का विशेषण ____________ है।
3. 'ऊपर' का विशेषण ____________ है।
4. 'कर्म' का विशेषण ____________ है।
5. 'कथन' का विशेषण ____________ है।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. विशेषण की विशेषता विशेष्य बताते हैं। ☐
2. संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराने वाले शब्द को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। ☐
3. अधिकांश विशेषण शब्द संज्ञा, क्रिया, सर्वनाम या अव्यय में उपसर्ग या प्रत्यय लगाकर बनते हैं। ☐
4. विशेषण की रचना संज्ञा से नहीं होती है। ☐

**निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण छाँटकर लिखिए–**

1. दो किलो दूध ले आओ। ____________
2. कल यहाँ कुछ लोग आए थे। ____________
3. अनीता सौम्य लड़की है। ____________
4. वह दयावान है। ____________
5. उसकी कमीज़ का रंग पीला है। ____________

✿ **निम्नलिखित विशेषणों की उत्तरावस्था और उत्तमावस्था लिखिए—**

| | शब्द | उत्तरावस्था | उत्तमावस्था |
|---|---|---|---|
| 1. | लघु | ____________ | ____________ |
| 2. | सूक्ष्म | ____________ | ____________ |
| 3. | कुटिल | ____________ | ____________ |
| 4. | तीव्र | ____________ | ____________ |
| 5. | निकृष्ट | ____________ | ____________ |

LIVEWORKSHEETS